इन दोनों पुलों को चौड़ा करना अपेक्षित नहीं है ।

कुतुब मीनार के सम्बन्ध में नए तथ्य

182. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी-फरवरी, 1986 में कुतबमीनार की दीवार में लगभग 40-50 फुट की ऊंचाई पर लगे पत्थरों में से कुछेक ऐसे पत्थर पाये गये जिन पर प्राचीन काल की मूर्तियां खुदी पाई गई थी ;

(ख) क्या यह सच है कि भारतीय पुरातत्व विभाग ने शोध के आधार पर यह प्रमाणित किया है कि कुतबमीनार का निर्माण गुप्त काल में किया गया होगा ; और

(ग) क्या इस शोध के आधार पर कुतबमीनार के इतिहास के संबंध में और कौन से नए ऐतिहासिक तथ्य प्राप्त किये जा रहे हैं ?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी, हां । कुतबमीनार की मरम्मत करते समय दीवार के अन्दर एक द्वारपाल की विकृत पत्थर की मूर्ति तथा खंडित वास्तुशिल्पीय इकाईयां मिली थीं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय पुरातत्व विभाग की इमारतों पर वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकार जताया जाना

183. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड ने दिल्ली में स्थित भारतीय पुरातत्व विभाग की कुछ महत्वपूर्ण इमारतों पर अपना अधिकार जताया है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा वक्फ बोर्ड के दावे के संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी, हां ।

(ख) केन्द्र द्वारा संरक्षित ऐसे दो महत्वपूर्ण स्मारकों के नाम है : लाल गुम्बद और कुदसिया बाग मस्जिद । इन दोनों मामलों में वक्फ बोर्ड द्वारा नियुक्त किए गए इमामों ने स्मारकों पर कब्जा किया हुआ है । मामला न्यायालय में विचाराधीन है ।

Denial of UGC Grant to the Guru Ghasidas University, Bilaspur

184. SHRI PYARELAL KHANDELWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state the reasons for denial of U.G.C. grant to the Guru Ghasidas University, Bilaspur?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION AND CULTURE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): According to Section 12(B) of the UGC Act, a University established after June 17, 1972 has to be declared fit by the Commission to receive grants from the Commission or other Central sources. Such a declaration is made as and when the conditions prescribed in the rules framed under the above provision are fulfilled by the University/State Government concerned. The Guru Ghasidas University which was established in 1983 has not yet fulfilled the conditions prescribed under the rules.

Payment of Interim Relief to the Employees of Central Universities

185. SHRI PYARELAL KHANDELWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether in the wake of the revision of pay scales by the U.G.C. interim relief has been given to the employees of the Central Universities;